जबसे तेरी शरण में आया है मेरा परिवार भजन लिरिक्स

जबसे तेरी शरण में आया,
है मेरा परिवार,
ओ बाबा श्याम हमारे,
हो गए वारे न्यारे।bd।

तर्ज – स्वर्ग से सुन्दर।

जिसने ठिकाना तेरा,
हमको दिया है,
अहसान भारी उसने,
हम पे किया है,
कैसे भूलेंगे जीवन भर,
हम उसका उपकार,
ओ बाबा श्याम हमारे,
हो गए वारे न्यारे।bd।

दीन दुखी के तूने,
संकट काटे,
दुखड़े मिटाए सबको,
खुशियां बांटे,
तभी तुम्हे हारे का सहारा,
कहता ये संसार,
ओ बाबा श्याम हमारे,
हो गए वारे न्यारे।bd।

रूठे भले ही हमसे,
सारा जमाना,
पर तुम कभी ना हमको,
दिल से भूलाना,
तेरे सिवा 'सोनू' को नहीं है,
औरो की दरकार,
ओ बाबा श्याम हमारे,
हो गए वारे न्यारे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com
जबसे तेरी शरण में आया,

है मेरा परिवार,
ओ बाबा श्याम हमारे,
हो गए वारे न्यारे।bd।

Singer – Ritika Khanna

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com